Exam.Code:0001
Sub. Code: 0007

2031
B.A./B.Sc. (General) First Semester
Hindi (Elective)
Paper : A

Time allowed: 3 Hours

Max. Marks: 90

*x-x-x*

नोट - सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :-

i. (क) निम्नलिखित में से किन्ही दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

i. हरि जननी मैं बालिक तेरा ।
काहे न औगुण बकसहु मेरा ।। टेक ।।
सुत अपराध करै दिन केते, जननी के चित रहै न तेते ।।
कर गहि केस करै जो घाता , तऊ न हेत उतारै माता ।।

ii. जा देखे घिन उपजै , नरक कुंड में वास ।
प्रेम भगति सों उधरे, प्रगटन जन रैदास ।

iii. कलि होई केतु मुही खाजू होआ मुरदारु ।
कुडू बोलि बोलि भउकणा चूका धरमु बीचारु ।।
जिन जीवंदिया पति नहीं मुइआ मंदी सोई ।
लिखिआ होवै नानका करता करे सोइ ।।

iv. निर्गुण कौण देस को बांसी ।
मधुकर कहि समुझाई सौंह दै बुझति सांच न हांसी ।।
को है जनक कौन है जननी कोन नारी को दासी ।।
कैसो बरन भेष है कैसो केहि रस में अभिलासी ।। 5×2=10

(ख) कबीरदास के काव्य विशेषताओं पर प्रकाश डालें ।
अथवा
रविदास का साहित्यिक परिचय दें । 6

2. (क ) निम्नलिखित गद्यांशो में से किन्ही दो की प्रसंग सहित व्याख्या करें । 5 × 2 =10

i. बड़ा मनहूस खेल है । घर को तबाह कर देता है । खुदा न करे किसी को इसकी चाट पड़े, आदमी दीन- दुनिया किसी के काम का नहीं रहता, न घर का न घाट का । बुरा रोग है ।

ii. समय का फ़ेर है, जो आज ऐसी-ऐसी बातें सुननी पड़ती है । बेटा, मैंने सारी उम्र फोज़ में बिताई है । बड़ी-बड़ी लड़ाई और मैदान देखे हैं । ये बेचारे हैं किस खेत की मूली ।

iii. मनुष्य संदिग्धावस्था में भंवर में पड़ी हुई लकड़ी के समान होता है , जो कभी उछलती है और कभी डूबती है ।

iv. महाराज ने कहा –आपने कहा था कि यदि मुझे अवसर दिया जाये तो मैं न्याय का डंका बजा दूंगा । मैं आपके इस कथन की परीक्षा करना चाहता हूँ । आप तैयार हैं ?

(ख ) 'शतरंज के खिलाडी' कहानी को तात्विक समीक्षा कीजिए । 6

P.T.O.

अथवा

'न्याय मंत्री' कहानी का सार लिखें।

3. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें- 3×3=9

i.. आदिकाल के नामकरण पर नोट लिखें।

ii. 'ममता' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालें।

iii. पण्डित लक्ष्मीदत में क्या-क्या गुण थे ?

iv. सभ्य-असभ्य के व्यंग्य को स्पष्ट करें।

v. मीराबाई के काव्य में विरह भावना पर विचार करें।

vi. रैदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालें।

vii. न्याय मंत्री के समय राज्य की स्थिति कैसी थी ?

viii. कबीर की रचनाओं की भाषा पर टिप्पणी करें।

4. आदिकालीन वीरगाथा काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 7

अथवा

'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता का विवेचन करे।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दें : 10

i. हसना ने गुलाब को किनके चंगुल से छुड़ाया ?

ii. आदिकाल की समय सीमा क्या है ?

iii. गुरुनानक देव जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

iv. जायसी की रचनाओं के नाम बताएं।

v. सूरदास किस काव्यधारा के कवि हैं ?

vi. 'रामचन्द्रिका' के लेखक का नाम बताएं।

vii. सखी सम्प्रदाय किस ने चलाया।

viii. भक्तिकाल के प्रसिद्ध कवियों के नाम लिखें।

ix. विद्यापति को संधिकाल का कवि क्यों कहा जाता है ?

x. अवधि भाषा के दो ग्रन्थों के नाम लिखें।

xi. अशिक्षित का हृदय किसकी रचना है ?

xii. लक्ष्मी दत किस कहानी का पात्र है ?

xiii. माटी का पुतरा किसे कहा गया है ?

xiv. गुलाब कौन है ?

6. कहानी की परिभाषा देते हुए भेद स्पष्ट करें। 7

अथवा

हिंदी कहानी का वर्गीकरण करें।

7. (क) किन्ही पांच के विपरीतार्थक शब्द लिखें :स्वर्ग, आदान, दुर्बल, उदय, तीव्र, पक्ष, यश। 5

(ख) किन्ही पांच के समानार्थक शब्द लिखें : अमृत,आग, आंख, उपचार, कृपा,जंगल, अच्छा 5

(ग) किन्ही पांच अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखें : अती,परनाम,यात, निति, लिखीत, पुर्ण, सनान 5

(घ) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें :

साथ पड़ने वाले,

जिसमें रस हो,

नीचे लिखा हुआ,

जो थोड़ा जानता हो,

आदर के योग्य ,

अत्यधिक वर्षा

छोटा भाई 5

8. पारिभाषिक शब्दावली के किन्ही पांच शब्दों का हिंदी रूप लिखें : 5

Job, Import, Duty, Block, Conference, Issue, Head Clerk, Entry

*x-x-x*